1. **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एफएओ (खाद्य और कृषि संगठन) की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर, 75 रुपये मूल्य का स्मारक सिक्का जारी करेंगे।**

- वह हाल ही में विकसित 8 फसलों की 17 जैव संवर्धित किस्में भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये किस्में, अन्य खाद्य सामग्री के साथ, सामान्य भारतीय थाली को पोषक तत्वों वाली थाली में बदल देंगी। इन किस्मों को स्थानीय भूमि और किसानों द्वारा विकसित किस्मों का उपयोग करके विकसित किया गया है।
- कुपोषण को कम करने और प्राकृतिक रूप से समृद्ध खाद्य सामग्री के माध्यम से भारत को कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए जैव-फोर्टिफाइड फसलों की किस्मों के उत्पादन को बढ़ावा देकर इन्हें मध्यान्ह भोजन, आंगनवाड़ी आदि जैसे सरकारी कार्यक्रमों के साथ जोड़ा जाएगा।

**खाद्य और कृषि संगठन के बारे में तथ्य**

- यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है जो भूख को हराने और खाद्य सुरक्षा और पोषण में सुधार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।
- **गठन:** 16 अक्टूबर 1945
- **मुख्यालय:** रोम, इटली
- **अंतर्गत:** संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद
- **प्रमुख:** क्यू डांग्यू (Qu Dongyu)

2. **आठ भारतीय समुद्र तटों को 'ब्लू फ्लैग' प्रमाणन से सम्मानित किया गया**

- प्रमाणन संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN), संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) और फाउंडेशन फॉर एनवायर्नमेंटल एजुकेशन (FEE) द्वारा प्रदान किया गया।
- प्रमाणन के लिए चुने गए भारतीय समुद्र तट:

1. गोल्डन, (पुरी) ओडिशा
2. राधानगर,अंडमान द्वीप
3. रुशिकोंडा,आंध्र प्रदेश
4. कप्पड,केरल


Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

5. कासरकोड, कर्नाटक
6. पडुबिद्री, कर्नाटक
7. घोघला, दीव
8. शिवराजपुर,गुजरात

- **नोट: ब्लू फ्लैग** 1985 में फ्रांस में शुरू किया गया था यह समुद्र तटों, मरीनाओं और स्थायी नौका विहार पर्यटन ऑपरेटरों के लिए दुनिया के सबसे मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक पुरस्कारों में से एक है। आधिकारिक वेबसाइट में उल्लेख किया गया है, “ब्लू फ्लैग के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, कड़े पर्यावरण, शैक्षिक, सुरक्षा और पहुंच मापदंड (उनमें से लगभग 33) की एक श्रृंखला को पूरा किया जाना चाहिए और बनाए रखा जाना चाहिए।” जैसे कि पर्यावरण शिक्षा और सूचना, स्नान के पानी की गुणवत्ता, पर्यावरण प्रबंधन और संरक्षण, और समुद्र तटों पर सुरक्षा और सेवाओं के अंतर्गत आता है।

### 3. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5,718 करोड़ रुपये के विश्व बैंक प्रोजेक्ट स्टार को मंजूरी दी

- STARS (स्ट्रेंथनिंग टीचिंग-लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) विश्व बैंक द्वारा समर्थित परियोजना का उद्देश्य देश में शैक्षिक परिणामों को बेहतर बनाने के लिए है। कुल परियोजना लागत 5,718 करोड़ है जिसमे विश्व बैंक रु 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि का वित्तीय समर्थन करेगा।
- STARS परियोजना राजस्थान, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, केरल, ओडिशा और मध्य प्रदेश सहित 6 राज्यों में शिक्षा परिणामों में सुधार के लिए राज्यों का समर्थन करेगी।
- **नोट: STARS** मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाने, स्कूल-से-कार्य को सुविधाजनक बनाने, कक्षा निर्देश और उपचार को मजबूत करने, स्कूलों के शासन और विकेन्द्रीकृत प्रबंधन को मजबूत बनाने में मदद करेगा। यह भारत की दृष्टि 'सभी के लिए शिक्षा' का समर्थन करेगा, जो कि अनुकूलित स्थानीय स्तर के समाधान हैं, कमजोर वर्गों के छात्रों को ध्यान देना, विशिष्ट मांगों को संबोधित करना, शिक्षकों को ट्रेनिंग आदि के माध्यम से सशक्त , नौकरी की प्रवृत्ति बदलना, मानव पूँजी के विकास हेतु शैक्षिक निवेश । कार्यक्रम शिक्षा के लिए सतत विकास लक्ष्य पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।


Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

**4. आईएमडी (भारत मौसम विज्ञान विभाग) ने ENFUSER और SILAM मॉडल में सुधार करके वायु गुणवत्ता की निगरानी करने लिए शुरु किया**

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए और साथ ही साथ देश के लिए भी एक उन्नत उच्च-रिज़ॉल्यूशन वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली का संचालन किया।
- दिल्ली के लिये अत्यधिक क्षमता वाले 'इनवायरन्मेंटल इनफॉरमेशन फ्यूजन सर्विस' (इनफ्युजर) शुरू किया गया है, ताकि अत्यधिक वायु प्रदूषण वाले स्थानों (हॉटस्पॉट) और सड़कों की पहचान की जा सके।
- देश के लिये वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणाली 'सिस्टम फॉर इंटीग्रेटड मॉडलिंग ऑफ एटमॉसफेरिक कंपोजिशन' (सिलम) को और अधिक बेहतर बनाया गया है। दस किमी के रिजोल्यूशन के लिये वैश्विक उत्सर्जन डेटासेट CAMS-GLOB v2.1 मोटे और खनिज-महीन मानवजनित पार्टिकुलेट मैटर के लिए EDGAR v4.3.2 के साथ पूरक को लागू कर ऐसा किया गया है। 'यह पूर्वानुमान में अनिश्चितता को दूर करेगा।

**5. गुजरात सरकार ने तापी जिले के दोसवाडा में दुनिया के सबसे बड़े जिंक स्मेल्टर परिसर की स्थापना की घोषणा**

- इस परियोजना के लिए राज्य सरकार वेदांता समूह के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- वेदांता समूह की सहायक कंपनी - हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड गुजरात के तापी में दुनिया का सबसे बड़ा जस्ता गलाने वाला परिसर स्थापित करेगा। हिंदुस्तान जिंक भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी जिंक लीड माइनर कंपनी है।

**गुजरात के बारे में तथ्य**

- **राजधानी:** गांधीनगर
- **राज्यपाल:** आचार्य देवव्रत
- **मुख्यमंत्री:** विजय रुपाणी

**6. नीति आयोग ने इंडिया एनर्जी मॉडलिंग फोरम की संचालक संरचना की घोषणा की**

- यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक एनर्जी पार्टनरशिप के तहत नीति आयोग और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा इंडिया एनर्जी मॉडलिंग फोरम (आईईएमएफ) का गठन किया गया।

- आईईएमएफ की संचालक संरचना में एक अंतर-मंत्रालयी (नीति आयोग द्वारा) और एक संचालन समिति (सरकार, उद्योग संघों, अकादमिया, नीति अनुसंधान संगठनों, थिंक टैंक और फंडिंग एजेंसियों के प्रतिनिधि) शामिल होंगे।
- **नोट:**
- **एसईपी (स्ट्रेटेजिक एनर्जी पार्टनरशिप)** की स्थापना अप्रैल 2018 में हुई थी इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक ऊर्जा साझेदारी का निर्माण करना तथा सरकार-से-सरकार के बीच सहयोग एवं उद्योगों के बीच बेहतर जुड़ाव की दिशा में मज़बूत मंच का निर्माण करना है।
- एसईपी ने चार प्राथमिक स्तंभ का निर्धारण करने के लिए अंतर-एजेंसी कार्यक्रम का आयोजन करता है जो सतत विकास, पॉवर और ऊर्जा दक्षता, तेल और गैस और नवीकरणीय ऊर्जा है।

### 7. केरल सरकार ने किसानों के लिए कल्याण कोष बोर्ड का गठन किया

- देश में पहली बार, केरल सरकार ने राज्य में किसानों के कल्याण और उत्थान के लिए किसान कल्याण कोष बोर्ड ('केरल कृषक क्षमानिधि बोर्ड') को स्थापित करने का निर्णय लिया।
- केरल कृषक क्षमानिधि अधिनियम के तहत बागवानी, औषधि गुणों वाले पौधों की खेती, नर्सरी प्रबंधन, मत्स्यपालन, सजावटी इस्तेमाल में आने वाली मछलियों के पालन, मधुमक्खी पालन, रेशम पालन, पॉलट्री,बत्तख, बकरी और खरगोश पालन, कृषि के इस्तेमाल वाली भूमि प्रबंधन से जुड़े मामलों को यह बोर्ड देखेगा।

### 8. फाइव-आइज़ एलायंस, भारत, जापान एन्क्रिप्टेड एप्स एक्सेस करने के लिए

- फाइव-आइज़ के साथ भारत और जापान के सरकारी प्रतिनिधियों ने कहा की " एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन (E2EE)" सार्वजनिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं, जिसमें यौन शोषण वाले हमारे समाजों के अत्यधिक कमजोर सदस्यों को शामिल किया गया है।
- एक संयुक्त वक्तव्य में, राष्ट्रों को "पठनीय और प्रयोग करने योग्य प्रारूप" में सामग्री तक पहुँचने के लिए कानून प्रवर्तन का एक तरीका सक्षम करने के लिए, ऐसी प्रणालियों का निर्माण करना जो कंपनियों को अवैध सामग्री के खिलाफ हस्तक्षेप करने की अनुमति दें, और एक तरह से सरकारों के साथ परामर्श करें। वास्तव में डिजाइन निर्णयों को प्रभावित करता है।
- **नोट:** द **फाइव आईज** (**FVEY**) एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड,

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। ये देश बहुपक्षीय यूकेयूएसए समझौते के पक्षकार हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिए एक संधि है।

- **एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन** (**E2EE**) सुरक्षित संचार का एक तरीका है जो तृतीय-पक्ष को डेटा पहुँचने से रोकता है जबकि इसे एक एंड सिस्टम या डिवाइस से दूसरे में स्थानांतरित किया जाता है। **E2EE** डेटा भेजने वाले की प्रणाली या डिवाइस पर एन्क्रिप्टेड है और केवल प्राप्तकर्ता उसे डीक्रिप्ट करने में सक्षम है।

**9. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार लोकसभा सांसद रहे दिवंगत सांसद डॉ बालासाहेब विखे पाटिल की आत्मकथा का विमोचन किया**

- आत्मकथा का शीर्षक 'देह वीचवा करणी' है।

**10. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजमाता विजया राजे सिंधिया की जन्म शताब्दी पर 100 रुपये का सिक्का जारी किया**

- राजमाता विजया राजे सिंधिया एक निर्णायक और कुशल प्रशासक थीं। उन्होंने भारतीय राजनीति के हर महत्वपूर्ण चरण को देखा जैसे की विदेशी कपड़ों का जलना, आपातकाल और राम मंदिर आंदोलन आदि।



gradeup


Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests